# अर्धवार्षिक परीक्षा

**V**

कक्षा – बारहवीं

विषय– लेखाशास्त्र

समय– 3 घंटे	पूर्णांक – 50

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है । प्रश्नों में निर्धारित अंक दायीं ओर अंकित हैं ।

प्रश्न 1. ख्याति किस प्रकार की संपत्ति है ? 1

प्रश्न 2. त्याग अनुपात क्या है ? 1

प्रश्न 3. औसत लाभ क्या है ? 1

प्रश्न 4. पुनर्मूल्यांकन खाता क्यों बनाया जाता है ? 1

प्रश्न 5. साझेदारी में कौन–कौन से खाते बनाये जाते हैं ? 1

प्रश्न 6. साझेदारी संलेख के अभाव में लाभ का विभाजन किस प्रकार किया जाता है ?1

प्रश्न 7. फर्म में नए व्यक्ति को साझेदार क्यों बनाया जाता है ? 1

प्रश्न 8. लाभ प्राप्ति का अनुपात क्या है ? 1

प्रश्न 9. गैर व्यापारिक संस्था क्या है ? 1

प्रश्न 10. पेशेवर व्यक्ति से क्या आशय है ? 1

प्रश्न 11. ख्याति की उत्पत्ति के दो कारण दीजिए । 2

प्रश्न 12. साझेदारी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

प्रश्न 13. मृतक साझेदार की देय राशि का भुगतान किसे किया जाता है ? 2

प्रश्न 14. किन दशाओं में एक साझेदार फर्म से अलग हो सकता है ? 2

प्रश्न 15. अभिगोपन कमीशन से आप क्या समझते हैं ? 2

प्रश्न 16. एक कंपनी के चिट्ठे में निम्नलिखित मदों को आप किन मुख्य शीर्षकों में प्रदर्शित करेंगे – https://www.cgboardonline.com 3

1) ख्याति	2) प्राप्य विपत्र	3) पूंजी संचय

4) विधि लेनदार	5) भवन	6) ऋण पत्र

प्रश्न 17. एक्स और वाई साझेदार हैं लाभ विभाजन अनुपात 5 : 3 है । जेड को $^1/_{10}$ भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो कि वह एक्स और वाई से समान रुप से अधिग्रहण करता है । नया लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । 3

प्रश्न 18. $x$ और $y$ एक फर्म में क्रमशः 19500 तथा 13500 की पूँजी के साझेदार है वे $z$ को फर्म में $^1/_5$ भाग के लिए साझेदार बनाते हैं । $z$ पूंजी के रुप में 12000 लाएगा । गुप्त ख्याति की गणना कीजिए । 3

प्रश्न 19. $A$, $B$ और $C$ एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ–हानि 5 : 3 : 2 के अनुपात में बांटते हैं । $B$ अवकाश ग्रहण करता है और उसका हिस्सा $A$ और $C$ ने 2 : 1 के अनुपात में ले लिया साझेदारों का नया लाभ विभाजन अनुपात निकालिए । 3

प्रश्न 20. प्रीति और ज्योति एक फर्म के साझेदार हैं और 4 : 3 के अनुपात में लाभालाभ विभाजन करते हैं । उन्होंने साझेदारी के समापन का निश्चय किया । उक्त तिथि पर प्रीति की पूंजी 65000 तथा ज्योति की पूंजी 35000 रु. थी । लेनदार 15000 रु. रोकड़ शेष 1270 थी । रोकड़ के अतिरिक्त शेष संपत्तियों से 109000 वसूल हुए । समापन पर किए गए खर्च 1250 रु. के थे । वसूली खाता तैयार कीजिए । 5

**प्रश्न 21.** सुदेश क्लब के प्राप्ति एवं भुगतान खाते से निम्न सूचनाएँ ज्ञात होती है । 31 दिसम्बर 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय व्यय खाता तैयार कीजिए– 5

**प्राप्ति भुगतान खाता**

**(31 दिसंबर 2018 को समाप्त वर्ष का)**

| प्राप्तियाँ | राशि | भुगतान | राशि |
|---|---|---|---|
| रोकड़ शेष | 240 | सामान्य व्यय | 108 |
| वार्षिक चंदा | 326 | वेतन एवं मजदूरी | 110 |
| आजीवन सदस्यता शुल्क | 50 | फर्नीचर | 116 |
| प्रवेश शुल्क | 248 | किराया व कर | 112 |
| ब्याज | 38 | समाचार पत्र | 25 |
| विविध प्राप्तियां | 16 | शेष ले/ग | 447 |
| | 918 | | 918 |

वार्षिक चंदे के 50 रु. बकाया है । सामान्य व्यय के 10 रु. तथा सेक्रेटरी का वेतन 35 रु. अदत्त है । फर्नीचर पर 24 रु. ह्रास अपलेखित करें ।

**प्रश्न 22.** अ, ब, स एक व्यापार के साझेदार है और 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बांटते हैं । 30 जून 2018 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार से था – 8

**प्राप्ति भुगतान खाता**

**(31 दिसंबर 2018 को समाप्त वर्ष का)**

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 1600 | रोकड़ | 600 |
| आरक्षित निधि | 6000 | बैंक में रोकड़ | 1000 |
| पूंजी लेखा– | | देनदार | 9000 |
| अ 10000 | | स्कंध | 7000 |
| ब 10000 | | मशीनरी | 6000 |
| स 10000 | 30000 | भवन | 14000 |
| | 37600 | | 37600 |

उक्त तिथि पर स व्यापार से अवकाश ग्रहण करता है । संपत्तियों के मूल्य निम्न प्रकार निश्चित करते हैं – https://www.cgboardonline.com

1) 5 % संदिग्ध ऋण आरक्षण करें ।
2) स्कंध पर 5 % और मशीनरी पर 10 % अवमूल्यन होना है ।
3) भवन का स्वतंत्र मूल्यांकन 15100 रु. हुआ ।

उपर्युक्त विवरण से लाभ–हानि समायोजन खाता एवं साझेदारों का पूंजी खाता बनाइये ।